हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

06 श्रमिक कानूनों के विरोध में ट्रेड यूनियनों ने हड़ताल...



07 नवोदय विद्यालय में फुटबॉल फॉर स्कूल कार्यक्रम का...





## समाचार संक्षेप

### जीरो मलेरिया सकारात्मक ब्लॉक चाचौड़ा



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन एवं जिला मलेरिया अधिकारी सुदर्शन कुशवाह की निगरानी में जिले भर में वेक्टर बोर्न डिसीज के नियंत्रण मलेरिया उन्मूलन के साथ-साथ डेंगू आदि के नियंत्रण के लिये जिले भर में सर्वलेंस एवं जागरूकता के कार्य कराये जा रहे हैं! डॉ. राजेश कुमार पुष्पक बीएमओ बीनागंज ने बताया कि ब्लॉक चाचौड़ा में सतत सर्वलेंस एवं जागरूकता कार्य क्षेत्र में आशा कार्यकर्ता, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, सीएचओ द्वारा किये जा रहे हैं, जिससे की विगत पांच (2021 से 2025) वर्ष से क्षेत्र में एक भी मलेरिया सकारात्मक प्रकरण प्रकाश में नहीं आया है.प्रदीप सेन व्हीबीडी तकनीकी पर्यवेक्षक ने बताया की आशा कार्यकर्ताओ, एएनएम आदि को हेंड्सऑन ट्रेनिंग, क्षेत्र में रेपिड किट, दवाओं की उपलब्धता एवं रेडिकल ट्रीटमेंट के साथ,जैविक व रासायनिक नियंत्रण,एलएलआईएन वितरण सर्वलेंस स्कूल हेल्थ एक्टिविटी, जागरूकता बैठक, सुपरविजन और समय समय पर समीक्षा आदि से ये उपलब्धि प्राप्त हुई है. ब्लॉक चांचौड़ा जिले का एक मात्र ब्लॉक है जिसमे पांच वर्ष से मलेरिया सकारात्मक कोई प्रकरण संज्ञान में नहीं आया है। किन्तु ब्लॉक का एक बड़ा हिस्सा राजस्थान राज्य के समीपवर्ती होने के कारण बीएमओ बीनागंज ने सभी क्षेत्रीय कर्मचारियों को सतत निगरानी के आदेश दिये हैं।

### कलेक्टर कन्याल ने रेडक्रॉस के माध्यम से 15 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी




**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए जरूरतमंद नागरिक को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। आवेदक शिवम जाटव पुत्र महेन्द्र सिंह जाटव द्वारा प्रस्तुत आवेदन में कॉलेज की फीस जमा किये जाने के लिये आर्थिक सहायता की मांग की गयी थी। आवेदक की परिस्थिति को देखते हुए कलेक्टर कन्याल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए रेडक्रॉस सोसाइटी गुना से 15 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत कर आवेदक को चेक प्रदान किया।

### शराब दुकान के पीछे महफिल जमाए बैठे थे जुआरी सिरसी पुलिस ने 2 दबोचे, 4 फरार

**गुना।** जिले के सिरसी थाना क्षेत्र अंतर्गत मारकी महू में जुआ के फड़ पर पुलिस ने दबिश देकर बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस ने मौके से दो जुआरियों को रंगे हाथों दबोचा है, जबकि चार अन्य आरोपी पुलिस को देखकर भागने में सफल रहे। पुलिस ने मौके से नकदी, ताश की गड्डी और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। जानकारी के अनुसार, सिरसी थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक विजयसिंह परिहार और सउनि गुणसागर मीना को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मारकी महू में शराब दुकान की दीवार के पास कुछ लोग हार-जीत का दांव लगा रहे हैं। पुलिस टीम ने गवाहों को साथ लेकर बताए गए स्थान पर घेराबंदी की। पुलिस को आता देख वहां भगदड़ मच गई। मौके से घनश्याम शिवहरे और धर्मेन्द्र शिवहरे को पकड़ा गया, जबकि नीलम यादव, राहुल सेन, अजय शिवहरे और राजदीप परमार फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के पास से और फड़ से 5200 रुपए नकद, 52 ताश के पत्ते और मौके पर खड़ी एक मोटरसाइकिल एमपी 08-6462) जब्त की है7 आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है

### 27 मार्च रामनवमी के शुभ अवसर पर होगा निशुल्क आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन

## ओझा समाज मित्र मंडल सेवा समिति की जिला बैठक संपन्न, आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

ओझा समाज मित्र मंडल सेवा समिति की जिला स्तरीय बैठक साईं सिटी कॉलोनी सकतपुर रोड स्थित शिव मंदिर में जिला अध्यक्ष राजकुमार ओझा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण ओझा मुख्य रूप से उपस्थित थे । सभा का संचालन एडवोकेट विष्णु झा ने किया 1 सभा में आगामी 27 मार्च को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयाईयों के लिए व्यापक रणनीति बनाई गई । एवं विभिन्न महत्वपूर्ण



दायित्वों का सर्वसम्मति से वितरण किया गया । सर्वसम्मति से विनोद कुमार ओझा (मुंदोल वाले) को सम्मेलन संयोजक नियुक्त किया गया। वहीं राजू ओझा (बदरवास वाले) को सह-संयोजक का दायित्व सौंपा गया। इसके अतिरिक्त विजय कुमार ओझा (मीडिया) को सम्मेलन




कोषाध्यक्ष तथा श हेमराज ओझा (ऊमरी वाले) को सह-कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न समितियों का गठन किया गया । समिति के पदाधिकारियों एवं उपस्थित समाजजनों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया । कि उनके नेतृत्व में यह पुनीत कार्य एवं आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन सफलतापूर्वक एवं भव्य रूप से संपन्न होगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रेम नारायण ओझा, चंद्रमोहन ओझा, गोविंद प्रसाद, हरिचरण ओझा, राधेश्याम झा,अशोक ओझा अरविंद ओझा कल्याण ओझा,सोनू ओझा,रामस्वरूप ओझा,भानु ओझा, मानसिंह ओझा, दीपक गौड़, बबलू ओझा, महेश ओझा,कैलाश ओझा, मोनू ओझा एवं समाज के अनेक नागरिक उपस्थित रहे तथा सभी ने सम्मेलन को सफल बनाने हेतु तसहयोग देने का संकल्प लिया।

### जमकर हुई पत्थरबाजी आला अधिकारियों के साथ रात में भारी पुलिस बल तैनात रहा

## लेन-देन को लेकर दो पक्षों में शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में हो गया था तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के चौधरी मोहल्ला और पायगा मोहल्ला क्षेत्र में बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात भारी तनाव और पथराव की घटना सामने आई है। पयागा मोहल्ले में पैसे के लेन-देन को लेकर दो पक्षों में शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। विवाद के दौरान जमकर पत्थरबाजी हुई, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए इसे सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश भी की गई, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी ने समय रहते स्थिति को संभाल लिया।




### आधी रात पुलिस छावनी में बदल गया क्षेत्र

घटनाक्रम बुधवार देर रात शुरू हुआ और देखते ही देखते आधी रात तक भारी पुलिस छावनी में बदल गया। बताया जा रहा है कि उधारी के रुपयों को लेकर असलम खान और श्याम सुंदर सेन के बीच झड़प हुई थी। यह विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। इस दौरान असामाजिक तत्वों ने पथराव शुरू कर दिया, जिससे जैन मंदिर के आसपास का क्षेत्र रणक्षेत्र बन गया। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस सहित जिले के आला अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। रात करीब 2 से 3 बजे तक पुलिस अधिकारी गलियों में गश्त करते रहे ताकि किसी भी तरह की अनहोनी को रोका जा सके। पुलिस की इस सक्रियता के चलते बवाल बढने से रुक गया, अन्यथा घटना बड़ी सांप्रदायिक हिंसा का रूप ले सकती थी।

### सांप्रदायिक रंग देने की साजिश हुई नाकाम

चूंकि पथराव जैन मंदिर और पायगा मोहल्ले के संवेदनशील मोड़ पर हुआ, इसलिए शहर के माहौल को बिगाडऩे के प्रयास भी किए गए। अफवाहों का बाजार गर्म था, लेकिन पुलिस ने धैर्य और सख्त रवैये के साथ उपद्रवियों को खदेड़ दिया। सुबह होते-होते स्थिति नियंत्रण में आई, जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर आधा दर्जन से अधिक नामजद और कई अन्य अज्ञात हमलावरों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। मामले में फरियादी श्याम सुंदर सेन निवासी पायगा मोहल्ला ने आरोपी असलम खान उर्फ भुत्तू, मोनू, मगरूम, हासिम, सीटू एवं अन्य व्यक्ति पर मामला दर्ज किया है। पुलिस ने श्यामसुंदर की शिकायत पर आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता 126(2), 115, 351(2), 3(5) एवं 125 के तहत मामला दर्ज किया है।

### रास्ता रोका और उधारी के पैसों को लेकर दी गालियां

एफआईआर में पीड़ित श्याम सुंदर ने पुलिस को बताया कि वह रात साढ़े दस बजे अपनी स्कूटी से घर जा रहा था। जैन मंदिर चौराहे पर असलम खान और मोनू ने बाइक अड़ाकर उसका रास्ता रोका और उधारी के पैसों को लेकर गालियां देने लगे। विरोध करने पर असलम ने उसे धक्का मारकर दीवार से टकरा दिया और पत्थर से हमला किया। इसी बीच असलम का लड़का मगरूम डंडा लेकर आ गया और मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर हासिम, सीटू और उनके अन्य साथी भी जमा हो गए। इन सभी ने उतावलेपन में आकर श्याम सुंदर पर पत्थरों से हमला बोल दिया, जिससे उसके सिर, पीठ, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद ध्यानू बना और उमेश पाल ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

### पुलिस की चेतावनीः अफवाह फैलाई तो होगी जेल

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि यह विवाद मूल रूप से व्यक्तिगत लेन-देन का था। इसे धार्मिक या सांप्रदायिक रंग देने वालों को चिन्हित किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाने वालों पर भी साइबर सेल नजर रख रही है। शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील इलाकों में पुलिस पिकेट तैनात कर दी गई है।

## अवैध देसी शराब के 50 क्वार्टर सहित शराब तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मधुसूदनगढ़ थानांतर्गत उकावद चौकी पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए शराब तस्कर गिरफ्तार किया गया है । 11 फरवरी को मधुसूदनगढ़ थानांतर्गत उकावद चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बांसखेड़ी रोड़ पर एक व्यक्ति प्लास्टिक के कट्टे में देसी शराब के क्वार्टर रखकर उनकी बिक्री हेतु बैठा है । क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री की सूचना को गंभीरता से लेते हुए उकावदा चौकी से तत्काल पुलिस की एक टीम द्वारा बांसखेड़ी गांव के रोड़ पर मुखबिर की बताई जगह पर पहुंचकर देखा तो जहां पर मुखबिर के बताए हुलिए का एक व्यक्ति प्लास्टिक के कट्टा सहित बैठा मिला, जिसने पुलिस फोर्स को देखते ही वहां से भागने का प्रयास किया, किंतु पुलिस द्वारा उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया । पूछताछ पर उसने अपना नाम राजेन्द्र सिंह पुत्र रामनाथ सिंह राजपूत उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम बांसखेड़ी थाना मधुसूदनगढ़ जिला गुना का होना बताया एवं जिसके कब्जे में मिले प्लास्टिक के कट्टे को चैक करने पर उससे एक पेटी में देशी शराब के 50 क्वार्टर बरामद हुए । आरोपी का यह कृत्य आबकारी एक्ट के तहत दंडनीय पाए जाने पर बरामद देसी शराब के क्वार्टर कीमती करीब 5500/-रूपये के विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया और जिसके विरूद्ध मधुसूदनगढ़ थाने में आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई । अवैध शराब के विरुद्ध मधुसूदनगढ़ थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप यादव के नेतृत्व में उकावद चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रवि भिलाला, प्रधान आरक्षक रविन्द्र रघुवंशी, आरक्षक लोकेन्द्र यादव, आरक्षक नीतेश भील, आरक्षक रानू रघुवंशी एवं एसएएफ आरक्षक मनीष यादव की सराहनीय भूमिका रही है ।

## खनिज के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई जारी, 2 ट्रैक्टर-ट्राली 1 डंपर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में आकस्मिक भ्रमण कर अवैध खनिज परिवहन करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला खनिज अधिकारी सचिन वर्मा के नेतृत्व में गठित दल द्वारा आरोन और गुना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान आरोन में 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से रेत खनिज और गुना क्षेत्र में गिट्टी का डम्पर रॉयल्टी में उल्लेखित मात्रा से अधिक खनिज परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जिला खनिज अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि भ्रमण के दौरान ट्रैक्टर-ट्रालियों द्वारा बिना अनुमति एवं बिना रॉयल्टी खनिज रेत का परिवहन करते पाई गई, जिसे जप्त कर थाना आरोन और एक डंपर द्वारा गिट्टी का ओवर लोड परिवहन करने से कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा कराया गया है।उन्होंने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त वाहन एवं परिवहनकर्ता के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के प्रावधानों के अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रकरण कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।



## राजस्व मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: कोर्ट टाइमिंग, वसूली और अवैध उत्खनन पर कलेक्टर सख्त



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि कुछ अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।बैठक में कलेक्टर ने कोर्ट हियरिंग और कार्यालय अनुशासन को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी राजस्व अधिकारी निर्धारित समय पर कोर्ट हियरिंग करें। लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति न होने पर कार्यालय में उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। एसडीएम और तहसीलदारों की कोर्ट टाइमिंग फिक्स न होना गंभीर विषय बताते हुए तत्काल सुधार करने को कहा।बैठक की शुरुआत ई-ऑफिस प्रणाली की प्रस्तुति से हुई। बताया गया कि जिले के अधिकांश विभागों में यह प्रणाली प्रभावी रूप से लागू हो चुकी है। अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण से जुड़े प्रकरणों और लंबित वसूली मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने नाराजगी जताई।

**मोबाइल कोर्ट, विशेष अभियान और ई-ऑफिस से तेजी पर जोर**

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी राजस्व अधिकारी की इसमें संलिप्तता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी। सभी आरआरसी प्रकरणों की शीघ्र वसूली, व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सतत मॉनिटरिंग तथा सरकारी राजस्व हानि रोकने पर विशेष जोर दिया गया। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित गुना के प्रकरणों में कुर्की के माध्यम से वसूली के निर्देश दिए गए। फसल अवशेष जलाने पर लगाए गए जुर्माने की राशि तत्काल वसूलने तथा नरवाई रोकने के लिए पंचायत स्तर पर फ्लेक्स, ग्राम चौपाल और कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने को कहा।

पराली प्रबंधन के लिए जिले में अनुदान पर प्रदाय सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर, मल्चर सहित 292 से अधिक कृषि यंत्र उपलब्ध होने की जानकारी दी गई।भूमि संबंधी विवादों के त्वरित निराकरण के लिए मोबाइल कोर्ट को सक्रिय करने तथा उसकी साप्ताहिक प्रगति की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। आदेशों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की बात कही गई।सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा सहित लंबित भूमि प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों की सूची तैयार कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।सीएम हेल्पलाइन में 50 दिवस से अधिक लंबित सीमांकन, प्राकृतिक प्रकोप राहत, भू-अर्जन सहित सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर शून्य करने के निर्देश दिए गए। अनअटेंड शिकायतों पर संबंधित अधिकारी का एक दिन का वेतन काटने तथा लोक सेवा केंद्र से प्राप्त आवेदनों पर सिटीजन चार्टर की समयसीमा में कार्रवाई न होने पर प्रतिदिन 250 रुपये की पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए गए।

### नपाध्यक्ष की पार्षदों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सहयोग व समर्थन की अपील

## नगर पालिका परिषद की साधारण सभा का सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका परिषद गुना का साधारण सभा सम्मेलन दो 13 फरवरी को नगर पालिका परिषद सभा कक्ष में दोपहर 3 बजे आयोजित किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि पूर्व में 26 सितंबर 2025 परिषद की बैठक में शहर विकास के साथ कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए रखा गया जो परिषद में स्वीकृत नहीं हो सके थे,जिनमें से कुछ महत्वपूर्ण विषय पुनः परिषद की बैठक में चर्चा हेतु रखे गये हैं,जैसे गुना रेल्वे स्टेशन को वल्क वॉटर कनेक्शन की आपूर्ति हेतु 156 लाख रुपए की स्वीकृति का प्रस्ताव रखा गया है। जो की पाइपलाइन टंकी वगैरा निर्माण में खर्च होगा, जिसकी राशि रेलवे द्वारा दी जाएगी। साथ ही जलप्रदाय की राशि प्रतिमाह रेलवे द्वारा दी जाएगी, जिससे नगर पालिका को अतिरिक्त आय होगी तथा बाहर से आने वाले यात्रियों को तथा शहर वासियों को रेल्वे स्टेशन पर शुद्ध पेयजल मिलेगा। जिला न्यायालय से नानाखेड़ी एचपी पेट्रोल पंप तक डामरीकरण निर्माण कार्य 210 लाख की स्वीकृति और हनुमान चौराहे से जज्जी बस स्टैंड ओवर ब्रिज तक सड़क का डामरीकरण हेतु 150 लाख रुपए की स्वीकृति जैसे मुद्दे शामिल है । ज्ञात हो कि उक्त दोनों सड़कों का डामरीकरण 5 वर्ष पूर्व निर्मित कराई गई थी, जिनकी गारंटी अवधि पूर्व में समाप्त हो चुकी है, इस वर्ष अति वृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त हो गई हैं इन सड़कों के बनने से हमारे सांसद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की विकास की सोच तथा भारतीय जनता पार्टी सरकार की विकास की छवि, बाहर से आने वाले नागरिकों को दृष्टिगत होगी , साथ ही शहर वासियों को मुख्य मार्ग होने से आवागमन में सुविधा होगी। प्रस्ताव परिषद में स्वीकृत नहीं होंने कारण विगत दिसम्बर-जनवरी माह में उक्त सड़को पर पेच वर्क करा लिया गया है। नपाध्यक्ष ने बताया कि परिषद में प्रस्ताव



स्वीकृत नहीं होने से विकास कार्यों में चार माह की देरी हुई ,जिस पर हमने खेद व्यक्त करते हुए तत्काल नागरिकों को असुविधा व दुर्घटनाओं को देखते हुए पेच वर्क का कार्य कराया। इसके साथ ही शहर के 37 वार्डों में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर शहर विकास हेतु विगत महीनों में पीआईसी की बैठकों द्वारा लगभग 12.10 करोड रुपए के निर्माण कार्य, कम से कम 25 लाख रुपए से लेकर 55 लाख रुपए के प्रत्येक वार्ड में रोड ,नाली, पार्क जैसे निर्माण के प्रस्ताव पारित किये गये थे, उन पीआईसी बैठकों का परिषद बैठक में अवलोकनार्थ विषय रखा जाया गया है। साथ ही ऑडिटोरियम जो कि लगभग पूर्णता की ओर है शासन द्वारा 300 सीटर की स्वीकृति प्रदान की गई थी जिसके लिए शासन द्वारा 3 करोड रुपए स्वीकृत किए गए थे, किंतु शहर की आवश्यकता एवं जनसंख्या को दृष्टिगत रखते हुए हमारे द्वारा 600 सीटर की स्वीकृति प्रदान की गई थी, उक्त ऑडिटोरियम में 600 कुर्सियों एवं अन्य कार्यों के लिए 60 लाख रुपए का प्रस्ताव स्वीकृति हेतु रखा गया है।इसके अतिरिक्त गीता भवन निर्माण तथा प्रधान मंत्री आवास पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण के विषय चर्चा के लिए रखे गये हैं। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गुप्ता ने बताया कि सभी विषय प्रत्यक्ष रूप से शहर वासियों की सुविधाओं एवं विकास से जुड़े हुए हैं ।नगर पालिका परिषद गुना की वित्तीय स्थिति के अनुसार समय-समय पर शहर के विकास कार्य कराये जाते हैं और कराए जा रहे हैं। नपाध्यक्ष ने सभी सम्माननीय पार्षदों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर शहर विकास कार्यों में तथा नगर वासियों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए सहयोग व समर्थन करने की अपील की है।

### शहर की बदनामी न हो, सभी अपनी राय शांतिपूर्वक रखें

नपा अध्यक्ष ने यह भी कहा है कि मैं महिला नपाध्यक्ष हूं साथ ही वर्तमान सीएमओ भी महिला है, परिषद के 37 पार्षदों में 22 महिला पार्षद है। विगत 24 मार्च 2025 की परिषद बैठक में हंगामा हुआ था दो महिला पार्षद फूलबाई ओझा और तरन्नुम खान बेहोश हो गई थी। सोशल मीडिया पर व समाचार में भी नगर पालिका परिषद गुना की बदनामी हुई है । अपना शहर शांति का टापू है शहर की बदनामी न हो, सभी अपनी राय शांतिपूर्वक रखें। मेरा सभी से निवेदन सहित आग्रह है।

## मंडल राघोगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई



**राघौगढ़।** भारतीय जनता पार्टी मंडल राघौगढ़ द्वारा सर्किट हाउस राघोगढ़ में अंत्योदय भारतीय जन संघ के संस्थापक एवं प्रखर व राष्ट्रवादी नेता प दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कार्यकर्ता द्वारा मनाई गई पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्यआतिथि जिला उपाध्यक्ष एवं जिला सहसंयोजक जगदीश मीणा उपस्थित रहे एवं बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अंकित शर्मा ने कीमुख्य अतिथि मीणा ने बताया कि आज हम सब एकात्म मानव बात के प्रणेता पंडित दीनदयाल जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करने के लिए एकत्रित हुए हैं पंडित जी ने हमें अंत्योदय का मंत्र दिया है समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान जीवन का अंतिम लक्ष्य था कहां की राष्ट्र का विकास ही अंतिम व्यक्ति की समृद्धि में ही निहित है मंडल अध्यक्ष अंकित शर्मा एवं नेता प्रतिपक्ष राममोहन चौकसे ने भी अपने विचार रखें कार्यक्रम में मंडल महामंत्री गणेशराम माली दुर्गेश कोरी मंडल उपाध्यक्ष पंकज साहू प्रताप जाटव गोलू गुर्जर राम भरोसा सैनी प्रेम नारायण यादव रामभरोसा मीणा अतुल सैनी सहित कार्यकर्ताउपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र वस्त्रीं ने एवं आभार सुदर्शन जाएबाय द्वारा किया गया।

## महाशिवरात्रि पर पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में होंगे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

**गुना।** महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर शहर के सार्वजनिक श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर, पुराना बस स्टैंड ए.बी. रोड पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति द्वारा जारी सूचना के अनुसार बाबा श्री पशुपतिनाथ जी के सानिध्य में कई दिनों तक धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन होंगे।कार्यक्रमों की शुरुआत 13 फरवरी 2026 को हल्दी समारोह से होगी। इसके बाद 14 फरवरी को मेहंदी एवं मंडप समारोह आयोजित किया जाएगा। 15 फरवरी 2026 को महिला संगीत के साथ शिव बारात निकाली जाएगी। 16 फरवरी को श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन होगा, जबकि 17 फरवरी 2026 को विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रमों का समापन किया जाएगा।मंदिर समिति ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रमों को सफल बनाने और बाबा पशुपतिनाथ महादेव का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक माहौल रहेगा।



# आरोन कप 2026 सीजन-2 का भव्य समापन, ए टू जेट गुना बनी चैंपियन

### हजारों दर्शकों की मौजूदगी में रोमांचक फाइनल में खेल साथ मनोरंजन का भी रहा जलवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

स्व. श्री बलवीर सिंह जी रघुवंशी (पनवाड़ी हाट) की पुण्य स्मृति में स्व. राजा श्री बलभद्र सिंह स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में आयोजित ओपन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट "आरोन कप 2026" सीजन-2 का भव्य समापन रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश स्तरीय 16 टीमों ने भाग लिया और पूरे आयोजन के दौरान खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। टूर्नामेंट का प्रथम पुरस्कार 1,50,000 रुपये प्रवेश रघुवंशी (सरपंच, पनवाड़ी हाट) द्वारा तथा द्वितीय पुरस्कार 75,000 रुपये अंकित रघुवंशी (बरोद) की ओर से प्रदान किया गया। आयोजन समिति ने दर्शकों के लिए भी विशेष आकर्षण रखा था, जिसमें बाउंड्री के बाहर एक हाथ से कैच पकड़ने पर नकद पुरस्कार दिया जाता था। इसकी शुरुआत 1000 रुपये से हुई और फाइनल मुकाबले तक यह राशि बढ़कर 11,000 और बाद में 15,000 रुपये तक पहुंच गई।

### रोमांच से भरपूर रहा फाइनल मुकाबला

फाइनल मैच ए टू जेट गुना और दा कल्ड जिम मावन के बीच खेला गया। ए टू जेट ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दा कल्ड जिम मावन की टीम ने 15 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 145 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।टीम की ओर से समीर खान ने 23 गेंदों में 5 छक्कों की मदद से 45 रन बनाए। सागर पटेल ने 14 गेंदों में 4 छक्के और 1 चौके की सहायता से 26 रन बनाए, जबकि आबिद खान ने 14 गेंदों में 25 रन का योगदान दिया। ए टू जेट की ओर से विनय तोमर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 28 रन देकर 3 विकेट लिए और राव कमर ने 2 विकेट अपने नाम किए।

### दर्शकों के बीच से एक हाथ के कैच ने बढ़ाया रोमांच

फाइनल मुकाबले में गुना से आए दर्शन आशीष गौर ने बाउंड्री के बाहर एक हाथ से शानदार कैच पकड़कर 11,000 रुपये का पुरस्कार जीता, जो विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन द्वारा प्रदान किया गया। दूसरी पारी में गोलू बरोद ने भी बाउंड्री के बाहर एक हाथ से कैच पकड़कर 15,000 रुपये का इनाम अपने नाम किया।




### ए टू जेट की आक्रामक बल्लेबाजी से जीत

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ए टू जेट गुना की टीम ने शुरुआत से ही तेज बल्लेबाजी की। जिशांत खान ने 25 गेंदों में 8 चौकों की मदद से 36 रन बनाए, जबकि सुमित राणा ने 14 गेंदों में 3 छक्के और 1 चौका लगाकर 26 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। राहुल सोलंकी ने मैच का रुख पलटते हुए 14 गेंदों में 7 छक्के और 3 चौकों की मदद से 55 रन की विस्फोटक पारी खेली और 14वें ओवर की चौथी गेंद पर छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाई। दूसरी पारी में कुल 11 छक्के लगे, जिनमें से तीन छक्के दर्शकों के बीच से कैच किए गए ।

### विधायक जयवर्धन सिंह ने बढ़ाया उत्साह

फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में राघोगढ़ क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह दूसरी पारी के दौरान मैदान पहुंचे और कमेंट्री बॉक्स में कॉमेंटेटर राजीव रघुवंशी के साथ कमेंट्री करते हुए दर्शकों के बीच मैच का आनंद लिया। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव रघुवंशी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार, पार्षदगण, वरिष्ठ समाजसेवी सहित हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

### खेल के साथ रितिका का डांस मनोरंजन का भी रहा खास आकर्षण

फाइनल मुकाबले में खेल के साथ मनोरंजन का भी खास माहौल देखने को मिला। मध्य प्रदेश की प्रसिद्ध डांसर रितिका जी ने चौके-छक्कों के दौरान मंच पर चेयर डांस प्रस्तुत कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया, जिससे मैदान में उत्सव जैसा वातावरण बन गया और दर्शकों ने कार्यक्रम का जमकर आनंद उठाया।

### आसपास के जिलों से उमड़ी भीड़

फाइनल मुकाबले को देखने के लिए आरोन, अशोकनगर, राघोगढ़, जंजाली और गुना जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मैदान में पहुंचे, जिससे पूरा आयोजन एक बड़े खेल उत्सव में बदल गया।अंत में आयोजक अंकित रघुवंशी (बारोद मित्र मंडल) ने सभी खिलाड़ियों, अतिथियों और हजारों की संख्या में उपस्थित दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आयोजन को सफल बनाने में सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## महाशिवरात्रि पर होगा दो दिवसीय शिव कथा सत्संग समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना.

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा दो दिवसीय आध्यात्मिक शिव कथा सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 13 एवं 14 फरवरी को दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक शिव मंदिर के पास, केंद्रीय विद्यालय के सामने, उमरी रोड नानाखेड़ी, गुना में संपन्न होगा। समिति द्वारा आयोजित इस भव्य सत्संग समारोह में हरिद्वार से सद्गुरुदेव श्री सतपाल जी महाराज के आत्मानुभवी शिष्य महात्मा वर्धमानानंद जी, वीरानंद जी, साध्वी हरीषा बाई सा जी एवं चंद्रमणि बाई जी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सभी धर्मग्रंथों के आधार पर आध्यात्मिक विचार एवं सत्संग प्रवचन प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजकों ने नगर एवं आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपने इष्ट-मित्रों और परिवार सहित कार्यक्रम में पधारकर सत्संग का लाभ प्राप्त करें तथा अपने जीवन को आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित करें।

## युवा संगम के अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेला 25 को लगेगा

### युवा संगम में आकांक्षी युवा को रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए एक ही मंच पर किया जाता हैं लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना.

सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशन एवं कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शअभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में प्रत्येक माह निर्धारित दिवस को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

कार्यक्रम के समन्वय व सफल आयोजन के लिए कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार सम्बंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई हैं।इसी क्रम में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व जिला रोजगार अधिकारी बी एस मीना ने बताया कि सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग,उच्च शिक्षा विभाग,राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से जिला स्तर पर दिनांक 25 फरवरी 2026 को जिला पंचायत विश्राम ग्रह (शुभ विदाई गार्डन) जिला गुना में प्रातः 11:00 बजे से युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक ही मंच पर रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के लिए अवसर उपलब्ध कराने आकांक्षी युवाओं को लाभान्वित किया जाता है। इसमें प्रदेश की निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनिया शामिल होगी। जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया जावेगा ऐसे बेरोजगार जिनकी योग्यता 8बी /10बी /12बी/स्नातक एवं आईटीआई हैं और 18 से 35 बर्ष की आयु वर्ग के भाग ले सकते है ।युवा संगम में संबंधित विभागो द्वारा अलग अलग स्वरोजगार/हितग्राही मूलक योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जायेगा, साथ ही ऐसे विभाग जिनमे स्वरोजगार एवं हितग्राही मूलक योजना संचालित होती है. उनके हितग्राहियों को भी हितलाभ वितरण किया जायेगा। युवा संगम में शासन आदेशानुसार युवक युवतियों को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी, नशामुक्ति और वित्तीय साक्षरता की जानकारी देने की व्यवस्था की जा रही हैं। साथ ही कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना सहित स्टार्टअप 2025 की जानकारी भी युवाओं को उपलब्ध कराई जावेगी। कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले आकांक्षी युवा इस गूगल लिंक :-https:// forms. gle/s XK7W4LRuL6VhmGe7 पर आवेदन कर सकते हैं।



## स्थानीय मांगों को लेकर शिक्षक-कर्मचारी संगठनों ने नवागत कलेक्टर से की भेंट



**अशोकनगर।** जिला स्तरीय शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने आज अशोकनगर जिलाधीश से भेंट कर तीन प्रमुख बिंदुओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक प्रत्येक माह नियमित रूप से आयोजित कराने हेतु आदेश जारी किए जाएँ, जिससे जिला स्तर पर कर्मचारियों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण संभव हो सके। इसके साथ ही प्रतिनियुक्ति से वापस लौटे पूर्व जन शिक्षकों के विद्यालयों में पदस्थापना आदेश शीघ्र जारी करने एवं उनके चार माह से लंबित वेतन का भुगतान कराने का निवेदन किया गया। तीसरी प्रमुख मांग के रूप में वर्ष 2001 में नियुक्त अध्यापकों की 24 वर्षीय क्रमोन्नति के आदेश, जो लगभग पाँच माह से लंबित हैं, शीघ्र जारी करने की मांग रखी गई।इसी के साथ अशोकनगर ब्लॉक के 71 सहायक शिक्षकों की इस माह बेतन नहीं आईं जबकि पूरे जिले की डल गई तो शीघ्र डलबाई जावे

ज्ञापन सौंपते हुए संगठनों ने बताया कि लंबित आदेशों के कारण शिक्षक-कर्मचारी मानसिक एवं आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं, जिससे शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्य भी प्रभावित हो रहा है। इस अवसर पर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भीम सिंह यादव, राज्य अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष रामगोपाल शिवहरे आदि मौजूद थे।

## थाना देहात की प्रभावी कार्यवाही, नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** थाना प्रभारी देहात अशोकनगर उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 30.01.2026 को फरियादी द्वारा अपनी 14 बर्षीय नाबालिक बालिका के अपहृत होने की रिपोर्ट की थी जिस पर से थाना पर अपराध क्र0 70/26 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा द्वारा टीम गठित कर मामले की विवेचना प्रारम्भ की। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्य के आधार पर संदेही आरोपी व अपहृता थाना पोरसा जिला मुरैना में होना ज्ञात हुआ जिसके आधार पर थाना प्रभारी देहात द्वारा टीम पोरसा जिला मुरैना रवाना की गई। उक्त टीम द्वारा पोरसा मुरैना से अपहृत बालिका को दस्तयाब किया एवं संदेही संजीव पुत्र पहलवान आदिवासी उम्र 18 साल निवासी ग्राम ढाकौनी को पूछताछ हेतु पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी संजीव आदिवासी द्वारा मुझे बहला फूसलाकर ले गया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाना बताया जिस पर से प्रकरण में इजाफा कर आरोपी संजीव आदिवासी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### थाना पिपरई ने की अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई

## 12 शराब तस्करों से देशी हाथ भट्टी की 340 लीटर कच्ची शराब बरामद

**अशोकनगर।** थाना प्रभारी पिपरई निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा थाना प्रभारी पिपरई द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध की प्रभारी कार्यवाही करते हुये 12 मामलो मे शराब तस्करों से देशी हाथ भट्टी की 340 लीटर कच्ची शराब जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।



उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना पिपरई, थाना मुगांवली, थाना बहादुरपुर, थाना सेहराई एवं पुलिस लाईन के बल द्वारा दिनांक 12.02.2026 को मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम भरियाखेडी थाना पिपरई में दबिश दी गई जिसमे अवैध रुप से शराब बनाने का सामान एवं करीब 5,000 लीटर लहान व केनो मे भरी 340 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब कीमती 51,000 रुपये की जप्त कर 12 आरोपियो के विरुद्ध धारा 34 आबकारी एक्ट के अन्तर्गत पृथक-पृथक प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पिपरई निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा, उनि मंदाकिनी पटेल, सउनि छगन सिंह, सउनि नीरज कुशवाह, सउनि दिनेश कुशवाह, सउनि रघुवीर अहिरवार, प्रआर योगेन्द्र जाट, प्रआर शीलकुमार, आर गजेन्द्र यादव, आर राम सिंह, आर शिवसंतोष रघुवंशी, आर नारायण सिंह आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना का प्रकरण किया दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम घाटबमूरिया में कलारी के सामने कार को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घाटबमूरिया निवासी शिवराम दांगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कार क्रमांक एमपी 07 जेएन 6477 के चालक ने अपने वाहन को किसी अज्ञात वाहन ने उसकी कार को टक्कर मार दी। इसी प्रकार बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम नेहकाई निवासी विक्रम चिड़ार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 67 एमके 2416 को किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

## ग्राम आमखेड़ा में शासकीय भूमि को अतिक्रमण से कराया मुक्त



**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में एंटी भू-माफिया अभियान के क्रम में अनुविभागीय अधिकारी ईसागढ़ के मार्गदर्शन में गुरूवार को तहसील नईसंराय अंतर्गत तहसीलदार मयंक तिवारी, नायब तहसीलदार अरूणसिंह गुर्जर, राजस्व निरीक्षक सुरेन्द्र प्रताप सिंह यादव एवं राजस्व दल द्वारा ग्राम आमखेडा उर्फ नईसरांय के शासकीय सर्वे कमांक 207रकवा 0.470हे0 में से 0.110हे0, सर्वे कमांक 239/2 रकवा 1.015हे0 में से 0.010हे0 पर लखन पुत्रतोफानसिंह कुशवाह द्वारा मकान एवं तारफेसिंग लगाकर किये गये अवैध अतिक्रमण को राजस्व दल,पंचायत विभाग द्वारा पुलिस बल के सहयोग से अतिकमण हटाया गया एवं उक्त शासकीय भूमि को अतिकमण मुक्त कराया गया। जिसका बाजारू मूल्य लगभग 50 लाख रूपये है। उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर पानी निकासी की व्यवस्था हेतु ग्राम पंचायत सचिव को सुपुर्द कर दिया गया है।


### आम हड़ताल से खेत, खदान और अन्य विभागों में कामकाज ठप्प


# श्रमिक कानूनों के विरोध में ट्रेड यूनियनों ने हड़ताल की और श्रमिक विरोधी कानूनों को वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

श्रमिक कानूनों के विरोध में ट्रेड यूनियनों ने विरोध प्रदर्शन किया । इस दौरान आम हड़ताल से खेत, खदान और अन्य विभागों में कामकाज ठप्प रहा। इस दौरान शहर में एक रैली भी निकाली गई और बाद में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि पूर्व में भी हमारे द्वारा ज्ञापन सौंपे गए थे और उनके समाधान की मांग की गई थी। हम एक बार फिर यह ज्ञापन आपको इस उम्मीद के साथ सौंप रहे है कि आप देश भी इन दो बड़ी सम्पदा उत्पादक शक्तियो मजदूरी व किसानों के पक्ष में हस्तक्षेप करेगी।

सरकार ने हमारी मांगो पर विचार करने के बजाये 21 नबंवर 2025 को भारतीय श्रम सम्मेलन को बुलाये बिना बगैर किसी चर्चा के अचानक 4 श्रम सहिताओं को अधिसूचित कर दिया है। हमारी समझ से सरकार ने ट्रेड यूनियनों को रोकने और कमजोर करने और पूँजी के हमले के सामने भारत के श्रमिक वर्ग के आदोलन को बेवस करने के लिये यह चार श्रम संहिताओ को और उसके नियम अधिसूचित किये है। यह श्रम सहितायें बिना कानूनी प्रावधानों का पालन किये गये है, जिसे लेकर कोई सलाह-मशविरा नहीं किया गया और अत्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के दिशा निर्देशों को नजर अंदाज करते हुये इन्हें लाया गया है। इन संहिताओं को लाने के पूर्व भारतीय श्रम सम्मेलन तक नहीं किया गया जो कि भारतीय गणराज्य के लिये बाध्यतामूलक है, क्यों कि उसने इस संबंध में अतर्राष्ट्रीय समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं। इन संहिताओं को संसद में पूरे विपक्ष की गैर मौजूदगी में जबरदस्ती पास किया गया। इन श्रम संहिताओं यो चलते लगभग 70 प्रतिशत फैक्ट्रियों श्रमिक कानूनी परिधि नियमण और नियोक्ता की जिम्मेदारियो से बाहर हो जायेंगे, जिससे श्रमिकों को मालिको के रहमोकरम पर छोड दिया जायेगा, ज्यादातर श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे से भी बाहर कर दिया जायेगा। कुल मिलाकर यह श्रम सहिताये मजदूरों और उसकी ट्रेड यूनियनों पर गुलामी की हालत थोपने के लिये बनाया गया है ताकि कोर्पोरेट मालिक मजदूरों, किसानों और आम लोगों पर अपनी लूट जारी रख सकें। हम यह भी कहना चाहते हैं कि मनरेगा की जगह बीबी ग्रामजी एक्ट लाकर ग्रामीण श्रमिकों वो अधिकार और रोजगार गारंटी पर हमला किया गया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिलाओं को इज्जत पूर्ण और अच्छी नौकरियों देने के बजाये उन्हें अलग-अलग तरीकों से वोट पाने के लिये इसोमाल किया जा रहा है। युवाओं को नौकरी नहीं दी जा रही है, जिससे बेरोजगारी चरम पर है। बेरोजगारी खतरनाक रूप से बढ़ रही है और सरकार 65 लाख खाली पद नहीं भर रही है, बल्कि रिटायर्ड लोगों को ठेके पर नौकरी पर रखा जा रहा है। ज्ञापन देने वालों में गणेशराम रजक, विजय सिंह, नवल सिंह रामेश्वर पंचमलाल आदि मौजूद थे।



### मांगों के बिन्दु

1 चार श्रम संहिताओं को पूरी तरह रद्द किया जाये। किसी भी तरह से मजदूरों का ठेकाकरण, आउटसोर्सिंग न हो। फिक्स टर्म एम्पलायमेट पर रोक लगाई जाये। श्रम शक्ति नीति 2025 का प्रारूप वापस लिया जाये।
2. 26000/-रूपये प्रति महीने की राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन तथा रूपये 10000/- प्रतिमाह पेंशन लागू की जाये। सभी श्रमिकों, जिसमें संगठित, असंगठित, योजना कर्मी, ठेका श्रमिक और कृषि क्षेत्र शामिल हैं के लिये सामाजिक सुरक्षा हितलाभ सुनिश्वित किये जाये।
3. ड्राफ्ट बीज बिल और बिजली सुधार बिल वापस लिया जाये।
4. रक्षा, रेल्वे, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, बैंक, बीमा, बीएसएनएल, कोयला, परिवहन, बंदरगाह, तेल, भेल, सेल समेत सभी सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण न हो। नेशनल मोनेटाईजेशन पाइपलाइन समाप्त हो।
5. सस्टेनेबल हानेसिंग एंड एडवांसमेट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (शांति) एक्ट वापिस लिया जाये, जो निजी और विदेशी खिलाडियो को मुनाफे के मकसद से बहुत खतरनाक नाभिकीय ऊर्जा उत्पादन में घुसने देगा।
6. मनरेगा को फिर से शुरू किया जाये और विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका निशन (ग्रामीण) एक्ट 2025 को खत्म किया जाये।
7. बीमा क्षेत्र. में 100 प्रतिशत एफडीआई का फैसला वापिस लिया जाये।
8. विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान बिल 2025 वापिस लिया जाये।
9. खाली पडे सरकारी, पब्लिक सेक्टर के पद भरे जायें।
10. आंगनवाडी, आशा, मध्यान्ह भोजन श्रमिकों को स्थाई करके उन्हें सरकारी कर्मचारी बनाया जाये।
11. सभी को पेंशन दी जाये, पुरानी पेंशन की बहाली की जाये।

## खबर संक्षेप

### जनगणना समन्वय समिति गठित की गई

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार जनगणना 2027 कार्य एवं गतिविधियों के सफल संचालन एवं पर्यवेक्षण हेतु कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी साकेत मालवीय द्वारा जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर अध्यक्ष होगें एवं संयोजक के रूप में जिला जनगणना अधिकारी रहेगें। सदस्य के रूप में अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना/सांख्यिकी अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण,जिला जनसंपर्क अधिकारी होगें।

### जुएं के अड्डों पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के कई थानों की पुलिस ने जुओं के अडडों पर छापामार कार्यवाही की है। जिले की नईसरायं थाने की पुलिस ने नईसरायं में मस्जिद के पीछे बगिया में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए आशु भदौरिया, रविन्द्र रघुवंशी, धनपाल कडेरे,श्रीराम केवट को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 5200 रूपए बरामद किए है। मुंगावली पुलिस ने मूडरा रोड़ पर ग्राम मल्हारगढ में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए अनीस खान, धनीराम केवट को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज


**अशोकनगर।** जिले की मुंगावली थाने की पुलिस ने ग्राम नरखेड़ा निवासी मुन्नालाल केवट के पास से 12 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

सायबर सेल ने जांच शुरू की, भोपाल मुख्यालय को अवगत कराया

# लॉरेंस विश्नोई गैंग के नाम पर व्यापारी को धमकी, 10 करोड़ रुपए की मांग

### अशोकनगर में इस धमकी भरे मैसेज से घबराहट का माहौल








हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शांत कहे जाने वाले अशोकनगर जिले में अब लॉरेंस विश्नोई गैंग की एन्ट्री हो गई है। जब अलग अलग नम्बरों से इस तरह के मैसेज आए तो उसमें धमकी दी गई। यह मैसेज क्या लॉरेंस विश्नोई गैंग से संबंध रखते हैं या फिर उस गैंग के नाम पर धमकाने का किसी और के द्वारा प्रयास किया गया है। जिसे जिले के पुलिस अधिकारियों द्वारा भी गंभीरता से लिया है। बताया गया है कि इस तरह के मैसेज के बाद अशोकनगर से लेकर भोपाल तक की पुलिस और इंटेलीजैंस ब्यूरों सक्रिय हो गया है।

अपराध की दुनिया में लॉरेंस विश्नोई गैंग का बड़ा नाम है इस गैंग ने कई फिल्मी स्टारों को भी धमकियां दी हैं। इस गैंग के नाम पर यहां के कारोबारी अंकित अग्रवाल को धमकी भरा व्हाटस्एप वॉइस मैसेज भेजा गया है, जिसमें 10 करोड़ रूपए की मांग की गई है। धमकी देने वाले व्यक्ति ने अपना नाम हरी बॉक्सर बताया है और यह भी कहा है कि हमने जिसको एक बार फोन कर दिया उसे बिना पैसे लिए नहीं छोड़ा, उसे मारा है या फिर पैसे लिए हैं। मैसेज में उसकी डिटेल उसे भेजी गई है, जिसके बाद स्थानीय सिटी कोतवाली में अंकित अग्रवाल द्वारा एक आवेदन सौंपकर धमकी भरे संदेश से पुलिस को अवगत कराया गया है।

### 3 अंतर्राष्ट्रीय नंबरों से कॉल किए गए

लॉरेंस विश्नोई गैंग के नाम पर जो मैसेज भेजा गया है उसमें 3 अंतर्राष्ट्रीय नम्बरों से कॉल भी किए गए हैं। अगर कारोबरी की बात माने तो अंकित अग्रवाल को फोन नहीं उठाने पर व्हाटसएप वॉइस मैसेज हैं और अपने आप को लॉरेंस विश्नोई गैंग का सदस्य बताया है। उसने यहां तक कहा है कि गूगल पर नाम सर्च कर लो सब पता चल जाएगा, धमकी देने वाले ने 10 करोड़ रूपए मांगते हुए कहा है कि यह रूपए उसके पास 2 दिन के अंदर पहुंच जाना चाहिए। इस मैसेज में कहा गया है कि उनकी हर एक चीज की डिटेल उनके पास से उनके सारे व्यापारों के नाम का उल्लेख भी किया गया है। यह भी कहा है कि तुम पर 3-3 गांडियां है किस गाडी से आते हो और किससे जाते हो, घर में कौन कौन हैं सब पता है। इस मैसेज में कहा है कि अभी 10 करोड़ मांग रहा हूं बाद में 20 करोड़ रूपए लूंगा, नहीं तो छोड़ूगा नहीं।

### अंकित अग्रवाल ने कोतवाली पुलिस में लिखित शिकायत की

इस तरह के मैसेज के बाद अंकित अग्रवाल ने सिटी कोतवाली में एक आवेदन दिया है, जिसमें कहा गया है कि उसे 3 अलग अलग नंबरों से मैसेज कर 10 करोड़ की मांग की गई है न देने पर दो दिवस के अंन्दर जान से मारने की धमकी दी गई। जिसके द्वारा धमकी दी गई है वह अपने आप को विश्नोई गैंग का सदस्य हरी बॉक्सर बता रहा है। परिवार और व्यवसाय के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी देकर मुझसे 10 करोड़ रूपए 2 दिन के अंदर देने की मांग कर रहा है न देने पर इससे ज्यादा नुकसान की भरपाई करने और जान से मारने की धमकी दी गई है। इसी तरह की दूसरी धमकी बलवीर खुराना को भी दी गई है उन्हें भी एक अंतर्राष्ट्रीय नंबर से फोन आया था उन्होनें भी फोन रिसीव नहीं किया। उसके बाद उन्होंने पुलिस थाने में इसकी जानकारी दी है।

### जांच करवा रहे हैं

थाना कोतवाली में अंकित अग्रवाल का आवेदन आया है जिसमें फिरोती की मांग की गई है। इस मैसेज को हम पुख्ता कर रहे हैं, इस मैसेज का हम खुलासा कर रहे हैं, उनके नाम से आई है या किसी अन्य व्यक्ति ने इसका उपयोग किया है। इसकी सायबर सेल के माध्यम से छानबीन करवा रहे हैं। इसकी कार्यवाही कर रहे हैं, जिन लोगों ने धमकी दी है क्या वह उन्होंने लॉरेंस विश्नोई गैंग से संबंध है या उनके नाम का उपयोग किया है। इस गैंग का मामला अन्य जगह से है अगर व्यापारी द्वारा सुरक्षा की मांग की जाएगी तो सुरक्षा प्रदान कराई जाएगी। इस संबंध में अभी मामला दर्ज नहीं किया गया है जांच की जा रही है। इस संबंध में जिला मुख्यालय की पुलिस ने भोपाल पुलिस मुख्यालय को भी अवगत कराया है।

# नवोदय विद्यालय में फुटबॉल फॉर स्कूल कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खिरिया देवत में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित फुटबॉल फॉर स्कूल कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं खेल भावना के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि जागृत करना तथा उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुविभागीय अधिकारी ईसागढ़ त्रिलोचन गौड़ उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम गौड़ ने कहा कि खेल गतिविधियाँ विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास करती हैं तथा उन्हें स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देती हैं।

इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी ईसागढ़ द्वारा ईसागढ़ ब्लॉक के कुल 28 विद्यालयों के विद्यार्थियों को 156 फुटबॉल वितरित की गई। जिन विद्यालयों को फुटबॉल प्रदान की गई। उन्होंने शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कदवाया, शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अखाईघाट, शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय घुरवरकलां, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घुरवरकलां, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नईसराय, शासकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नई सराय, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महिद्पुर, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिपरेसा, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सारसखेड़ी, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाकोणी, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजतला, शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बमनावर, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बमनावर, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खिरियादेवत, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अजलेश्वर, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मदिमहिद्पुर, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इदौर, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरणी, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कालितोर, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पारसौल, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महुअन, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धुर्रा, जीवन ज्योति स्कूल ईशागढ़, शिवपुरी पब्लिक स्कूल ईशागढ़, शासकीय मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय ईशागढ़, शासकीय एक्सीलेंस उच्च माध्यमिक विद्यालय ईशागढ़ एवं बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय ईशागढ़ शामिल रहे।

विद्यालय के प्राचार्य वी. के. गौतम ने बताया कि श्फुटबॉल फॉर स्कूलश कार्यक्रम विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में नियमित रूप से खेल गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाता है ताकि विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की फुटबॉल टीम एवं ईसागढ़ ब्लॉक से आए हुए विद्यालयों के छात्रों के मध्य एक मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया।

# हजारेश्वर महादेव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ के साथ हुआ हवन और भंडारा

### हजारों श्रद्धालु कार्यक्रम में हुए शामिल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जन जन के आराध्य भगवान भोले नाथ के हजारेश्वर दरबार मंदिर का नए सिरे से जीर्णोद्धार के बाद मंदिर को आकर्षक रूप प्रदान किया गया है। यह मंदिर अब आने वाले वर्षों तक अपने भव्य स्वरूप के लिए जाना जाएगा। यहां 8 फरवरी से चल रहे कार्यक्रमों 12 फरवरी को समापन किया गया।

इस मौके पर 8 फरवरी को मंगल कलश यात्रा से इन आयोजनों की शुरूआत हुई थी, जिसके बाद पंच कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया गया, पंडित जगदीश शर्मा के सानिध्य में इस हवन के लिए एक यज्ञशाला का निर्माण भी किया गया था। यहां वेदी शुद्धि के साथ प्रतिदिन यज्ञ का आयोजन हुआ। 12 फरवरी को इस आयोजन का समापन था जिससे पहले रूद्राभिषेक, पूर्णाहुति और भगवान की प्राणप्रतिष्ठा का आयोजन भक्ति भाव से किया गया। हवन के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से प्रसादी ग्रहण की। यह हजारेश्वर मंदिर शहर की प्राचीन गढ़ी के अंदर स्थित है यह मंदिर काफी लंबे समय से जीर्णोद्धार की प्रतिक्षा कर रहा था, जिसमें समाजसेवी और धार्मिक श्रद्धालु आगे आए जिसके बाद इस मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ हुआ और आज यह मंदिर भव्य रूप में शहर की जनता के सामने बनकर तैयार है। यह भगवान भोलेनाथ की हजार मुखी प्रतिमा है इस बड़े आकार के शिवलिंग को देखकर मन प्रफुल्लित हो जाता है। यहां पर राधाकृष्ण और जन जन के आराध्य हनुमान जी महाराज भी इसी मंदिर में विराजमान हैं। महा शिवरात्रि से पहले प्राणप्रतिष्ठा के इस आयोजन के बाद श्रद्धालु 15 फरवरी की भोलेनाथ की भक्ति और अभिषेक कर सकेगें।

# शा.उ.मा.विद्यालय क्रमांक 01 में विधिक जागरूकता शिविर




**अशोकनगर।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में व न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर मनीष अनुरागी, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा की उपस्थिति में गुरूवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 अशोकनगर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को कानून के बारे में जागरूक किया गया। नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं व उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं) योजना-2015 अंतर्गत उनकी विधिक सेवाओं के बारे में जानकारी भी दी गई। साथ ही उपस्थित बालिकाओं को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं योजना की जानकारी दी और कहा कि वर्तमान में जागरूकता के कारण ही बेटियां भी बेटों के बराबर कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में आगे बढ़कर नाम रोशन कर रही हैं, उक्त कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य राकेश यादव, शिक्षक महेन्द्रकुमार जैन, शिक्षक रमेश कुमार गौतम, पीएलव्ही विवेक यादव भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही साथ 14 मार्च 2026 को जिला न्यायालय अशोकनगर के साथ-साथ तहसील न्यायालय मुंगावली, चंदेरी एवं ईसागढ़ में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें न्यायालयों में लंबित सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, 138 एन.आई. एक्ट (चैक बाउंस), मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, सिविल न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरण एवं अन्य प्रकार के दीवानी प्रकरणों का आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा।

# 3 दिवसीय विशाल सालाना सत्संग समागम की आज से शुरूआत

**अशोकनगर।** सचखंड वासी ब्रह्मज्ञानी संत बाबा गुरदीप सिंघ जी द्वारा वर्ष 1996 में अशोकनगर की पुण्य धरा पर सत्संग एवं अमृत संचार की जो आध्यात्मिक लहर प्रारंभ की गई थी, वह आज एक विशाल आध्यात्मिक आंदोलन का रूप ले चुकी है। उस समय से लेकर आज तक इस पावन प्रयास ने अनगिनत परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। इस बार भी आयोजन कमेटी द्वारा 3 दिवसीय आयोजन आज से प्रारंभ हो रहा है जो 15 फरवरी तक चलेगा।

संत बाबा गुरदीप सिंघ जी के दिव्य संकल्प और अथक परिश्रम के फलस्वरूप हजारों-लाखों श्रद्धालुओं ने गुरमत मार्ग अपनाया, अमृत पान कर नशा, व्यसन और सामाजिक कुरीतियों का त्याग किया तथा सच्चे जीवन की ओर अग्रसर हुए। वर्ष 2005 से संत बाबा जी के आशीर्वाद से श्री गुरु तेग़ बहादुर जी महाराज की महान शहादत को समर्पित सालाना सत्संग समागम का शुभारंभ किया गया। यह समागम केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में नैतिक जागृति, आध्यात्मिक उत्थान और मानवीय मूल्यों के प्रचार-प्रसार का सशक्त माध्यम है। "धर्म की चादर" श्री गुरु तेग़ बहादुर जी का बलिदान विश्व इतिहास में अद्वितीय है। उन्होंने तिलक और जनेऊ की रक्षा के लिए जो अपना जीवन बलिदान किया वो पूरे संसार के इतिहास में एक अद्वितीय मिसाल है। उन्होंने मानवता, धार्मिक स्वतंत्रता और सत्य की रक्षा के लिए अपना शीश न्यौछावर कर दिया। उनका त्याग हमें यह संदेश देता है कि अन्याय और अत्याचार के सामने कभी झुकना नहीं चाहिए, बल्कि सत्य और धर्म की रक्षा हेतु दृढ़ता सेखड़े रहना चाहिए।




उनका जीवन और शहादत हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है, जो हमें साहस, करुणा, सेवा और समर्पण का मार्ग दिखाती है। संत बाबा गुरदीप सिंघ जी द्वारा प्रज्वलित यह सत्संग की ज्योति आज उनके आशीर्वाद से संस्था के मौजूदा मुखी संत बाबा सतनाम सिंघ जी द्वारा पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ आगे बढ़ाई जा रही है। उनके मार्गदर्शन में यह समागम निरंतर विस्तार पा रहा है और अधिक से अधिक लोगों तक गुरमत संदेश पहुंचा रहा है। इस वर्ष भी हर साल की तरह 13, 14 और 15 फरवरी को गुरुद्वारा ईशर प्रकाश वरियाम सर, पवारगढ़, जिला अशोकनगर (म.प्र.) में पन्द्रहवां भव्य सत्संग समागम का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक दिव्य कीर्तन, गुरमत विचार, अमृत संचार और आध्यात्मिक प्रवचनों का आयोजन होगा। तीनों दिन गुरु का अटूट लंगर श्रद्धालुओं के लिए निरंतर बरतेगा। समागम की तैयारियाँ जोरों पर हैं और समस्त संगत तन, मन और धन से सेवा में समर्पित भाव से लगी हुई है। समस्त संगत, श्रद्धालु जनों और क्षेत्रवासियों से उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

11340 शिवलिंगों का निर्माण हुआ

# शिव विवाह से पहले चंदन का लेप किया गया और रश्म के गीत गाए



**अशोकनगर।** गुरूवार को छठवें दिन 105 शिव पार्थिव शिवलिंगों के पात्रों द्वारा 11340 शिवलिगों का निर्माण किया गया। जिसमें पांच उपचार से पंडित ने विधिवत पूजन करवाया, पुजारी किशन लाल मिश्रा ने तायडे कॉलोनी से पधारे हुए वार्ड पार्षद प्रमेंद्र तायडे उनकी धर्मपत्नी सहित भगवान शिवशंकर का अभिषेक सहित पूजन करवाया। हिंदू लोक रीति रिवाज के अनुसार उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को सुहाग का प्रसाद सहित वितरण करवाया। विवाह में महिला ओने भगवान शिव शंकर का चंदन का लेप किया गया और विवाह की रश्मों के गीत गाए। ऐसा प्रतीत होता था मानो तो कैलाश पर्वत पर भगवान शिव शंकर सिंगार करके दूल्हा राजा बनने जा रहे हो। पुजारी किशन लाल मिश्रा ने बताया कि जिस प्रकार भगवान शिव शंकर ने कैलाश पर्वत पर आदेश दिया कि देवता दानव मानव सारे पर्वत सारी गंगा आदि नदियां सप्त समुद्र भूत प्रेत पिसाच बेताल योगिनी यानी की जलचर थलचर नभचर सभी को निमंत्रण दे उसी भावना के अनुसार निमंत्रण भेजे गए। सभी श्रद्धालुओं द्वारा एक साथ महा आरती की एवं सभी से पूजन करवा कर निमंत्रण दिए गए और आप सभी आमंत्रित हैं इस विवाह में क्योंकि भगवान शिव शंकर का नाम विश्वनाथ भी है जो सभी के मालिक हैं सभी के स्वामी हैं उन्हीं का विवाह है।

आदिश्वर धाम का तेजी से होगा निर्माणः राकेश कांसल

# श्री शांतिनाथ महा मंडल विधान के साथ हुआ मंदिर निर्माण प्रारंभ

### असीम क़ालीन भक्तावर मंडल विधान निर्माण के दौरान चलता रहेगाः विजय धुर्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

आदिश्वर धाम सुभाष गंज में गुरूवार को श्री शान्ति नाथ महा मंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन सुभाष गंज जैन मन्दिर के विधिवत निर्माण कार्य के शुभारंभ पर किया गया। मंडल विधान के प्रारंभ में मंगलाष्टक का पाठ जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रंगार के मधुर भजनों के साथ हुआ। इसके पहले भगवान का कलशाभिषेक कर जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई जिसका सौभाग्य जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल परिवार राजकुमार कासल विकास रिक्कू भारत महेश घमंडी उमेश सिघई सहित अन्य भक्तों को मिला। इस दौरान शैलेन्द्र श्रंगार ने कहा कि आज जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा करते हुए हम सब भावना बनाये की गंज मन्दिर का निर्माण बहुत जल्दी पूरा हो।

### मुनि पुंगव के आशीर्वाद से हम मन्दिर को बहुत तेजी से आगे बढ़ायेंगे

इस दौरान जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल ने कहा कि जैसा कि आप सभी को विदित है कि परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज के आशीर्वाद और उनके मार्गदर्शन में हम आदिश्वर धाम सुभाषगंज मन्दिर का हम निर्माण कार्य पूरे विधि-विधान के साथ प्रारंभ कर रहे हैं। मन्दिर निर्माण कार्य को बहुत तेजी से आगे बढ़ने के साथ ही शीध्र पूरा करने की भावना सकल जैन समाज की है। हम सब का संकल्प है कि विशाल भव्य जिनालय में आदिश्वर धाम के बड़े बाबा बहुत जल्द ही विराजमान होते हुए हम सब देखेंगे। इस भव्य अति भव्य जिन मन्दिर को तीन खण्डों में विभक्त कर प्रथम तल पर भगवान आदिनाथ की विशाल प्रतिमा को स्थापित किया जाएगा।



इसके बाद दूसरे तल पर भगवान श्री मुनि सुब्रत नाथ स्वामी का समवशरण विराजमान किया जायेगा, वहीं तीसरी मंजिल पर भगवान श्री चन्द्र प्रभु स्वामी भगवान महावीर स्वामी भगवानश्री शांतिनाथ स्वामी को विराजमान किया जायेगा।

### मन्दिर निर्माण के साथ ही भक्तामर मंडल विधान प्रतिदिन होगा

इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज के आशीर्वाद से मन्दिर निर्माण के साथ ही यहां प्रतिदिन श्री भक्तामर मंडल विधान किया जा रहा है इसमें नगर के प्रत्येक परिवार को सौभाग्य प्राप्त होगा । जिनके नाम श्री भक्तामर मंडल विधान के लिए आ गये है वह अपनी तारिख प्राप्त कर लें और आप सभी को इस विधान में अपने पूरे परिवार इष्ट मित्रो को लेकर रोज रोज आना हो। जैसे जैसे मन्दिर आकार लेता जाये हम सब की भक्ति भी बढ़ती रहे। इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल, महामंत्री राकेश अमरोद, संयोजक उमेश सिंघई, शैलेन्द्र श्रंगार, मंत्री विजय धुर्रा, सचिन कांसल, महेश घमंडी, विकास भारत, राजकुमार कांसल, रिंकू भारत, अशोक कक्का विशेष रूप से उपस्थित थे।

### मंडल पर श्री फल के साथ किया गया अर्घों का समर्पण

श्री शांतिनाथ महा मंडल विधान के दौरान सर्वे प्रथम आचार्य भगवंत गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन जैन समाज संयोजक उमेश सिघई शैलेन्द्र श्रागर राजेश कांसल महेश घमंडी दारा किया गया इस दौरान दौरान प्रमुख पात्रों मंडल पर स्थापना की गई। इसके साथ ही एक मंत्र के साथ प्रथम वलय पूज्य में श्री फल समर्पित किये गये इसके बाद सभी भक्तों द्वारा भगवान की महा आराधना करते हुए नाचते गाते हुए अरघो का समर्पण किया गया इस दौरान बड़ी संख्या में माता बहनो ने श्री फल समर्पित किए।

### जिला शिक्षाधिकारी ने जारी किया तल्ख आदेश, नहीं चलेगी बहानेबाजी

# आदेश: ई-अटेंडेंस लगाने वाले शिक्षकों को ही मिल पाएगी मार्च में तनख्वाह

## तकनीकी कारणों से हाजिरी न लगने पर संस्था प्रमुख नियंत्रक को करना होगा सूचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्कूलों से अक्सर नदारद रहने वाले शिक्षकों पर नकेल कसने शिक्षा विभाग द्वारा जून 2025 से 'हमारे शिक्षक एप' पर ऑनलाइन अटेन्डेंस की व्यवस्था शुरू की गई थी। लेकिन, तकनीकी कारणों जैसे मोबाइल नेटवर्क, सिग्नल न मिलने आदि कारणों के चलते विभाग ने शिक्षकों सहित अन्य लोकसेवकों की समस्याओं को समझा और अब तक किसी का वेतन नहीं काटा जा रहा था।

लेकिन, जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला ने 12 फरवरी को जारी एक आदेश में स्पष्ट किया है कि मार्च माह में उन्हीं शिक्षकों एवं विभाग से जुड़े लोकसेवकों को वेतन जारी किया जाएगा ऑनलाईन तरीके से अटेन्डेंस लगा रहे हैं। अगर दूर-दराज ग्रामीण अंचलों में मोबाइल नेटवर्क नहीं मिल पाता है और शिक्षकगण ई-हाजरी नहीं लगा पाए तो उन्हें इस बात की लिखित सूचना संबंधित संस्था प्रभारी/नियंत्रक अधिकारी को लिखित अथवा प्रमाणिक रूप से देना आवश्यक होगा। उक्त सूचना का परीक्षण संबंधित प्राधिकारी करते हुए यथोचित निर्णय लेंगे। दूसरे शब्दों में मात्र तकनीकी व्यवधान को स्वतः अनुपस्थिति का आधार नहीं माना जाएगा।




### अभी तक सिर्फ अतिथियों पर बरता जा रहा था कड़ा रुख

आपको बतादें कि स्कूल शिक्षा विभाग ने जून 2025 में ई-अटेंडेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की थी। ऑनलाईन हाजारी न लगाने वालों पर तकनीकी पहलुओं के दृष्टिगत विभाग कोई कार्यवाही नहीं कर रहा था। सिर्फ अतिथि शिक्षकों के लिए यह ई-अटेंडेंस पूर्णतः अनिवार्य थी और जो अतिथि शिक्षक ऑनलाईन हाजरी नहीं लगा रहे थे, उनका वेतन रोका जा रहा था। अब इस व्यवस्था को सभी के लिए अनिवार्यतः लागू कर दिया गया है।

### आदेश में यह भी है उल्लेख

डीईओ द्वारा जारी आदेश में उल्लेख है कि वेतन निगर्मन की प्रक्रिया में ई-अटेंडेंस अभिलेख को उपस्थिति सत्यापन हेतु प्रारंभिक आधार के रूप में ग्रहण किया जाएगा तथापि वेतन स्थगन, कटौती अथवा अवकाश समायोजना संबंधी कोई भी निर्णय शासन के नियमों के अनुसार सुनिश्चित होगा। साथ ही किसी भी परस्थिति में वेतन संबंधी दंडात्मक कार्यवाही बिना परीक्षण एवं अभिलेखीय सत्यापन के नहीं की जाएगी।

### विभाग से संबद्ध सभी लोकसेवकों पर लागू होगा आदेश

जिला शिक्षाधिकारी का यह आदेश न केवल जिले की समस्त शासकीय शालाओं के शिक्षकों बल्कि शिक्षा विभाग में पदस्थ समस्त लोकसेवकों प्रधानाध्यापक, प्राचार्य, लिपिक संवर्क, कार्यालयीन कर्मचारियों, अतिथि शिक्षक सहित अन्य समस्त स्टाफ पर लागू होगा।

### उपस्थिति के आधार पर ही होगी वेतन की गणना

प्रत्येक शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों के वेतन की गणना उनकी उपस्थिति के आधार पर की जाकर बिल(देयक) कोषालय को प्रस्तुत किए जाएंगे। इसी उपस्थिति के आधार पर संबंधित शिक्षक/लोकसेवक का वेतन आहरित किया जाएगा। जो शिक्षक या कर्मचारी जितने दिन अनुपस्थित रहेगा उसे उतने दिन का वेतन नहीं मिलेगा।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम को मिले जांच के निर्देश, पानी के लिए सैंपल

# दूषित पानी पीने से ग्रामीण बीमार, 10 मरीज सिविल अस्पताल सारंगपुर में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



विकासखंड सारंगपुर क्षेत्र के एक ही गांव मऊ में गुरुवार को 10 से अधिक मरीजों को सारंगपुर सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया है बताया जा रहा है कि रविवार को मऊ मंग्याखेडी कल्याणपुर गांव सहित अन्य गांवों के ग्रामीण भैंसवा माता मेले गए थे से वापस लोटेने के बाद ग्रामीण उल्टी दस्त की चपेट में आ गए हैं अब तक 120 से अधिक लोग प्रभावित बताये जा रहे हैं जिनमें से मऊ गांव में 40 मरीज चिन्हित किए गए थे ।

सूचना मिलने के बाद सारंगपुर एसडीएम रोहित बम्होरे बीएमओ डॉ मनीष चैहान सहित प्रशासनिक अमले ने गुरुवार को मंग्याखेडी एवं कल्याणपुर गांवों का दौरा किया ।मऊ गांव की राधिका वैष्णव ने बताया कि वह मोहल्ले के लोगों के साथ रविवार को दो ट्रैक्टरों से भैसवा माता मेले में मां बिजासन के दर्शन करने और मेले में शामिल होने के लिए गए थे सोमवार देर रात 1रू00 बजे एक दर्जन से अधिक लोगों को अचानक उल्टीया ओर दस्त होने की शिकायत पर गांव के निजी नर्सिंग होम के डॉक्टर से इलाज कराया गया तथा मेले में पीने के पानी की टंकी का दूषित पानी पीने से हम लोग बीमार होकर उल्टी दस्त का शिकार हुए हैं तथा मरीजों की संख्या बढ़ने पर आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वास्थ्य विभाग कों सूचना दी इसके बाद सारंगपुर बीएमओ डॉ मनीष चैहान ने तुरंत जगह-जगह स्वास्थ्य विभाग की टीमों को निर्देशित किया कि प्रभावित गांवों में सर्वे करे, वही मऊ गांव में गुरुवार को भी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सहित स्वास्थ अमला पहुंचा एवं दवाइयां वितरित की तथा गुरुवार को मऊ गांव में से चिन्हित 40 मरीजों में से 10 से अधिक की हालत बिगड़ने पर उन्हें सारंगपुर रेफर किया गया है। रेफर किए गए मरीजों में नंदनसिंह विराट गंगाबाई लक्ष्मीबाई राजपूत कविता लाड सिंह शिवांश कमल सिंह राजपूत पूजा और लीलाबाई शामिल हैं वही मंग्याखेड़ी और कल्याणपुर गांव में उल्टी दस्त के मरीजों को दवाइयां वितरित की गई है ।

### सूदखोर पर हुई एफआईआर

**खिलचीपुर।** खिलचीपुर थाने में रघुनंदन शर्मा न्याय की गुहार हेतु चक्कर लगा रहा था, जिसकी खबर प्राथमिकता से हरिभूमि ने प्रकाशित की थी, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बीरम तंवर पिता हरिसिंह तंवर पर भारतीय न्याय संहिता बी एन एस2023 296 बी, 351-3 मध्य प्रदेश रंडियों का संरक्षण अधिनियम-3, मध्य प्रदेश रेडियो का संरक्षण अधिनियम-4 के तहत प्रकरण दर्ज कर एफ आई आर की।


3 माह बीत जाने पर भी पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, फरियादी लगा रहा चक्कर

### 'राम ते अधिक राम कर दासा'... फूलों के आसन पर सुंदरकांड पाठ करेंगे रामभक्त

# नेवज तट स्थित एसी वाले हनुमान मंदिर पर होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर से प्रवाहित नेवज मैया के तट स्थित ऐसी वाले हनुमान मंदिर पर आगामी दिनों में कईं भव्यतम आयोजन होने जा रहे हैं। महा-शिवरात्रि पर्व पर होने वाले धार्मिक आयोजनों की कड़ी में मंदिर समिति द्वारा इस वर्ष भी 108 सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन रखा जा रहा है।

रामचरित मानस के रचियता गोस्वामी तुलसीदास द्वारा लिखित 'राम ते अधिक राम का दासा' चैपाई को चरितार्थ करते हुए मंदिर समिति सुंदरकाण्ड पाठ करने वाले सभी हनुमान भक्तों के लिए फूलों के आसन विराजित करवाऐगी। मंदिर समिति पदाधिकारी होकम साहू, सुनील जोशी, देवीसिंह विश्वकर्मा सहित अन्य ने बताया कि महाशिवरात्रि पर प्रातः 07 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्रृद्धालु अपनी सुविधानुसार सुंदरकाण्ड का पाठ कर सकेंगे।



### सभी श्रृद्धालुओं के लिए रहेगी फलाहार की व्यवस्था

शिवरात्रि पर मंदिर में पूरे दिवस एसी वाले महांकाल का अभिषेक, पूजा-आरती सहित अन्य अनुष्ठान अनवरत चालू रहेंगे। समिति द्वारा मंदिर आने वाले सभी भक्तों के लिए फलाहार की व्यवस्था की जा रही है जो प्रातः से आरंभ होकर देर रात्रि तक चलती रहेगी। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव, पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियवृत सिंह खिंची भी भगवान के दर्शनलाभ हेतु मंदिर आएंगे।

### बैजनाथ महादेव महिला मंडल ने निकाली कलश यात्रा

महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत हो रहे आयोजनों की कड़ी में कल गुरुवार दोपहर खोयरी बैजनाथ महादेव महिला मंडल के तत्वावधान में ऐसी वाले हनुमान मंदिर से खोयरी महादेव तक एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन भी किया गया। गाजे-बाजे और भगवान के जयकारों के साथ मंदिर परिसर से आरंभ हुई कलश यात्रा बैजनाथ महादेव मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। यहां सभी श्रृद्धालु मातृ-शक्तियों द्वारा भगवान भोलेनाथ का अभिषेक, पूजन किया गया।

### पौधों के सहेजने के दावे विभाग प्रमुख के समीप से फेल

# डीएफओ ऑफिस से 100 मीटर दूर ही टूटी पड़ी है फेंसिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रकृति को सहेजने का दावा करने वाले फॉरेस्ट विभाग के मुखिया के दफ्तर के समीप ही पौधों की सुरक्षा के लिए लगवाई गई फेंसिंग अर्से से टूटी पड़ी है। हम बात कर रहे कलेक्टोरेट परिसर के ठीक पीछे स्थित जिला वनमंडलाधिकारी कार्यालय से लगभग 100 मीटर दूर स्थित एक पार्क की। उक्त पार्क क्षेत्र में पूर्व के वर्षों में पौधरोपण करवाते हुए बाकायदा उसे तार फेंसिंग से कवर्ड किया गया था। लेकिन, यह फेंसिंग कईं दिनों से टूटी पड़ी है। वन विभाग के जिम्मेदारों की नजर अक्सर इस लापरवाही पर पड़ती है लेकिन टूटी फेंसिंग को रिपेयर करवाने की जेहमत किसी के द्वारा नहीं उठाई जा रही है। यह अकेला ऐसा मामला नहीं है जहां पौधों, पेड़ों की सुरक्षा में लापरवाही बरती जा रही हो। अकेले राजगढ़ वनमंडल क्षेत्र की बात करें तो फॉरेस्ट के स्वामित्व वाले अनेकों स्थान हैं जिनकी सीमाओं पर बतौर सुरक्षा लगवाई गई फैंसिंग टूटी हुई पड़ी हैं।

### जहां कभी किया था वृहद पौधरोपण वह पूरा क्षेत्र अब निर्जन

वन विभाग के जिम्मेदारों की अनदेखी उक्त फेंसिंगे तक ही सीमित नहीं है। फॉरेस्ट विभाग सहित प्रशासन के संयुक्त सहयोग से कुछ वर्षों पूर्व एनएच-52 पर राजगढ़-ब्यावरा के मध्य लालगढ़ गांव के समीप वृहद स्तर पर पौधरोपण करवाया गया था। लेकिन, वर्तमान हालात यह है कि वहां कुछेक पौधों को छोड़कर एक भी पनप नहीं पाया है। इसके अलावा भी अनेकों ऐसे स्थान हैं जहां पूर्व में रौपे गए पौधे आज तक नहीं पनप नहीं पाए हैं।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का समापन

**नरसिंहगढ़।** 11 फरवरी को शासकीय महाविद्यालय नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का समापन कार्यक्रम में डॉ. डी आर तिवारी कुलगुरू (आर्यावर्त विश्वविद्यालय सीहोर) मुख्य अतिथि, कविता लोकेन्द्र वर्मा विशेष अतिथि, तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डॉ. चेतन कुमार त्रिपाठी द्वारा की गई। शैक्षणिक सत्र में डॉ. अश्विनी शर्मा चेरमेंन बोर्ड ऑफ स्टडी देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर, डॉ. नीलम गुप्ता सहा.प्रा. डॉ. खुबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई 3. दुर्ग, छत्तीसगढ़, तथा डॉ. आशीष गुप्ता सहा.प्रा. मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान भोपाल द्वारा अपना विषय आधारित उद्बोधन प्रस्तुत किया । तकनीकि सत्र में डॉ. सुषमा दुराफे, डॉ. प्रमोद खरे, डॉ. श्वेता साहू, वल्लभ शर्मा.. चिराग त्रिपाठी, द्वारा शोध पत्र का वाचन किया गया । राष्ट्रीय सेमीनार के समापन सत्र में मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय भोपाल की प्राचार्य डॉ. गीता मोदी, नवीन महाविद्यालय भोपाल के प्राचार्य डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. अरविन्द गुप्ता, डॉ. अनुजा गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

### नेशनल हाईवे पर हादसा

# कार अनियंत्रित होकर खेत में पलटी, पति-पत्नी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



छबड़ा (राजस्थान) से तराना जा रहे दंपती की कार राष्ट्रीय राजमार्ग-52 ग्वाड़ा जोड़ के पास अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से उतरते हुए खेत में जा गिरी। हादसे में कार सवार दिनेश शर्मा गंभीर रूप से घायल और उनकी पत्नी ममता शर्मा को मामूली चोट आई। राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर चीख-पुकार का माहौल बन गया। हादसे की सूचना मिलते ही 1033 नेशनल हाईवे एंबुलेंस सेवा तत्काल मौके पर पहुंची।

घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस से सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया, जहां दोनों का उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है, हालांकि सिर व शरीर में चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हाईवे पर तेज रफ्तार और सड़क किनारे असमतल सतह के कारण वाहन असंतुलित हुआ और खेत में जा गिरा। गनीमत रही कि उस वक्त सामने से कोई भारी वाहन नहीं आ रहा था, वरना हादसा और भी भयावह हो सकता था।स्थानीय लोगों ने एनएच-52 पर बार-बार हो रहे हादसों को लेकर चिंता जताई है। उनका कहना है कि ग्वाड़ा जोड़ के पास सड़क किनारे सुरक्षा इंतजाम नाकाफी हैं, न तो पर्याप्त संकेतक लगे हैं और न ही क्रैश बैरियर, जिससे वाहन जरा सी चूक में सड़क से उतर जाते हैं। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर यातायात प्रभावित रहा। लोगों ने प्रशासन और हाईवे प्रबंधन से मांग की है कि इस ब्लैक स्पॉट पर स्पीड कंट्रोल, चेतावनी बोर्ड और सुरक्षा रेलिंग तत्काल लगाई जाए।

# शांति कुंज एकेडमी हाई स्कूल में विदाई समारोह आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

शांति कुंज एकेडमी हाई स्कूल खुजनेर में कक्षा दसवीं वाले बच्चों का दीक्षांत समारोह हुआ संपन्न जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कंवरलाल यादव धुरी लाल नागर नानूराम नागर अहीर बरन सिंह यादव सम्मिलित हुए और सभी ने अपने-अपने वक्तव्य से बच्चों को उनके भविष्य उज्जवल करने के लिए विचार प्रकट किया और विभिन्न प्रकार से बच्चों को निकट भविष्य में आने वाली चुनौतियां से अवगत कराया साथ ही शांतिकुंज विद्यालय के अध्यक्ष कमल शर्मा प्राचार्य दिनेश विश्वकर्मा प्रभारी जितेन्द्र नागर एवं समस्त शिक्षक और शिक्षिकाओं ने अपने-अपने विचार प्रकट किए और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की प्राचार्य दिनेश विश्वकर्मा ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।




### पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कांफ्रेंस में किया खुलासा

# अंततः पुलिस के हत्थे चढ़ा ड्रग्स फैक्ट्री का मुख्य सरगना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विगत दिनों राजस्थान पुलिस की सूचना पर जिले में सामने आई ड्रग्स फैक्ट्री के मुख्य आरोपी रघुनंदन पाटीदार को राजगढ़ पुलिस ने अंततः गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी पाटीदार के साथ ही उसके एक सह-आरोपी को भी पुलिस ने पकड़ में लिया है। दोनों के पास से करीब 21 किलो एमडी ड्रग्स, 309 किलो से अधिक रॉ मटेरियल सहित करीब 30 करोड़ का माल भी बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने गुरुवार दोपहर एक प्रेसवार्ता के दौरान पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला। आपको बतादें कि 04 फरवरी को राजस्थान के झालावाड़ की विशेष टीम से मिली सूचना के बाद माचलपुर क्षेत्र के घोघटपुर में दी गई संयुक्त दबिश में उक्त एमडी ड्रग्स निर्माण फैक्ट्री का खुलासा हुआ था। फैक्ट्री मालिक रघुनंदन पाटीदार का तभी से कोई पता नहीं लग पा रहा था। राजस्थान सहित जिले पुलिस की कईं टीमें आरोपी की तलाश में लगी हुई थीं। इस बीच 7 फरवरी को पुलिस ने जंगलों से 05 नीले ड्रम बरामद किए थे जिनमें करीब अनुमानित 05 करोड़ का कैमिकल मिला था।



**सघन अभियान से गिरफ्तार हुआ मुख्य आरोपी-** एसपी तोलानी ने बताया कि मुख्य आरोपी रघुनंदन पाटीदार व अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए सघन अभियान चलाया गया था।

# श्री गणेपूजन और झंडावंदन के साथ हुआ महाशिवरात्रि मेले का शुभांरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नगर के प्राचीन महाशिवरात्रि मेले का सोमवार को गणेश पूजन और ध्वजारोहण के साथ विधिवत शुभारंभ किया गया। नपाध्यक्ष कविता वर्मा ने पूजा अर्चना के साथ मेले का शुभारंभ कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर पार्षदगण और नपा कर्मचारी मौजूद रहे। अगले 20 दिनों तक चलने वाले इस मेले की संपूर्ण व्यवस्था नपा द्वारा की जाती है। मेले की औपचारिक शुरूआत के साथ यहां दुकाने और झूले संचालको को जगह आवंटित की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि रियासत कालीन यह मेला प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर आयोजित किया जाता है।



महाशिवरात्रि पर नगर के प्रमुख बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव पर लाखो की संख्या में श्रृद्धालु पहुंचते है। पूर्व में यह पशु मेले के नाम से लगता था। तब यहां बड़ी तादात में कृषक, ग्रामीण अपने प्शु लेकर पहुंचते थे। अच्छी नस्ल के प्शुओ को यहां पुस्कृत भी किया जाता था। लेकिन समय के साथ पषु मेला धीरे-धीरे समाप्त हो चुका है।

### नगर परिषद द्वारा संकल्प से समाधान अभियान शिविर आयोजित किया

**जीरापुर।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लोगों को तत्काल लाभ मिले इस उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है, इस तारतम्य में नगर परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में लगातार शिविर आयोजित कर वंचित पात्र लोगों के आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जा रहा है। इस कड़ी में नगर परिषद जीरापुर द्वारा गुरुवार को नगर परिषद कार्यालय सभागार में वार्ड क्रमांक 10, 11, 12 के आवेदन प्राप्ति हेतु शिविर आयोजित कर आवेदन प्राप्त किए गए। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा , ओंकार लाल मंडलोई ,रमेश मालवीय,कमल भावसार, राजेंद्र सिंह भाटी , संदीप नाथ सहित अन्य कर्मचारी और हितग्राही उपस्थित रहे।



### मंत्री नारायण सिंह पंवार की अध्यक्षता में संपन्न

# जनपद पंचायत ब्यावरा की समीक्षा बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

गुरुवार को जनपद पंचायत ब्यावरा में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मंत्री पंवार ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।




### पेयजल व्यवस्था पर विशेष चर्चा

बैठक में आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री पंवार ने निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में किसी भी नागरिक को पानी की कमी का सामना न करना पड़े। उन्होंने जल स्रोतों की वर्तमान स्थिति, टंकियों की साफ-सफाई, पाइपलाइन की मरम्मत, हैंडपंपों की कार्यशीलता का कहा।

### स्कूलों की समीक्षा और आगामी सत्र की तैयारी

मंत्री पंवार ने शिक्षा व्यवस्था की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं कृ स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बिजली, कक्षाओं की स्थिति एवं बैठने की व्यवस्था कृ की जानकारी ली। आगामी शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए विद्यालयों में समयपूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए । इस बैठक में जनपद अध्यक्ष राधा जगदीश गुर्जर, जनपद सीईओ आर के मंडल, एसडीएम गोविंद कुमार दुबे, जनपद सदस्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय वक्फ दरगाह हजरत बाबा बदख्शानी रह.अ.**
**जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र**

क्रमांक / प्रब.क./90/2026 राजगढ़ | दिनांक 12/02/26

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वक्फ दरगाह हजरत बाबा बदख्शानी रह.अ. राजगढ़ जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र. का 112 सालाना उर्स 2026 के आयोजन मे निम्नांकित निविदाये दिनांक 18.02.2026 को दौपहर 2:00 बजे तक कार्यालय वक्फ दरगाह हजरत बाबा बदख्शानी रह.अ. राजगढ़ जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र. मे आमंत्रित की जावेगी

अतः इच्छुक ठेकेदार अपनी-अपनी निविदा मोहरबंद लिफाफे मे दिनांक 18.02.2026 को दोपहर 2:00 बजे तक कार्यालय वक्फ दरगाह हजरत बाबा बदख्शानी रह.अ. राजगढ़ जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र. मे प्रस्तुत कर सकते है।

प्राप्त निविदाएँ दिनांक 18.02.2026 को ही शाम 5:00 बजे निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी।

**निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है:-**

| क्र. | निविदाओ का प्रकार | अमानत राशि | निविदा फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1. | दरगाह परिसर मे लाईट डेकोरेशन | 10,000/- रुपए | 2000/- रुपए |
| 2. | साउण्ड व्यवस्था | 10,000/- रुपए | 2000/- रुपए |
| 3. | दरगाह परिसर मे टेन्ट व्यवस्था | 20,000/- रुपए | 2000/- रुपए |
| 4. | लंगर, सेहरी व रोजा अफतार व्यवस्था | 50,000/- रुपए | 5000/- रुपए |
| 5. | पानी के केम्पर | 10,000/- रुपए | 2000/- रुपए |

नोटः- निविदा फार्म व शर्ते व निविदाओं से संबंधित अन्य जानकारी कार्यालय वक्फ दरगाह हजरत बाबा बदख्शानी रह.अ. राजगढ़ जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र. मे समय प्रातः 11:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते है।

**(मो. शफीक खान)**
**सदर**
**वक्फ दरगाह हजरत बाबा बदख्शानी रह.अले.**
**राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**